साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



# बम ब्लास्ट से दहला आरा

बिहार ,(आरएनएस)। बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा स्थित सब्जी गोला के समीप स्थित हरखेंन कुमार जैन धर्मशाला गुरुवार की सुबह बम विस्फोट से दहल गया। घटना उस समय हुई, जब कोलकाता से आए करीब आधा दर्जन अपराधियों के पास रखे बम फट पड़े। घटना में दो अपराधी घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे बैंक लूट की घटना को अंजाम देने आरा पहुंचे थे। अचानक हुए विस्फोट से धर्मशाला में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने घायलों में एक को अस्पताल पहुंचाया, जबकि घटना के बाद भाग रहे एक अन्य घायल को गिरफ्तार कर लिया। घायलों को बेहतर चिकित्सा के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस पूछताछ में घायलों ने बताया है कि वे बैंक लूट की घटना को अंजाम देने आए थे। हालांकि, उनके आत्मघाती हमलावर होने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। इस मामले पर पटना के आइजी ने कहा कि फिलहाल संदिग्धों को आत्मघाती हमलावर बताना जल्दबाजी होगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही यह पता चलेगा कि इस घटना के पीछे किसका हाथ है। नगर थानाध्यक्ष जेपी सिंह ने बताया कि हरखेन कुमार जैन धर्मशाला में आए 4-5 संदिग्धों के झोले में रखे बम में विस्फोट हो गया। इसमें घायल दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी जारी है।

## मौलाना नदवी ने मस्जिद के बदले मांगी घूस

अयोध्या,(आरएनएस)। अयोध्या सद्भावना समन्वय महा समिति के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने दावा किया है कि अयोध्या में विवादित जमीन पर राम मंदिर का समर्थन करने वाले अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पूर्व कार्यकारी सदस्य मौलाना सलमान हसन नदवी ने अयोध्या में ही एक और मस्जिद बनाने के लिए जमीन, पैसा और राज्यसभा सांसद का पद मांगा था। मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस मांग के बाद वह पांच फरवरी को मौलाना नदवी से मिले थे और बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि के मुद्दे पर बातचीत की थी। अमरनाथ ने दावा किया, 'मैं 5 फरवरी को नदवी से मिला था। हमने बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने मुझसे कहा कि इस मुद्दे पर एक लिखित प्रस्ताव दिया जाए और मैंने ऐसा ही किया जो सभी को भेजा गया। वह अयोध्या में मक्का जैसी मस्जिद बनाना चाहते थे। इसके लिए वह 200 एकड़ जमीन, राज्यसभा सदस्यता और 1000 करोड़ रुपये चाहते थे।' उधर, नदवी ने मिश्रा के इस दावे को खारिज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मिश्रा इस तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच तनाव बरकरार रखना चाहते हैं। नदवी ने कहा, 'इस तरह के लोग नहीं चाहते कि अयोध्या में राम मंदिर या मस्जिद बने। वह शैतान हैं और उनका एक मात्र काम ईश्वर के कार्य में तनाव पैदा करना है। वह इस बात से भयभीत हैं कि हिंदू और मुस्लिम एकजुट हो जाएंगे। वह जानते हैं कि मैं अकेला ऐसा शख्स हूं जो यह मुद्दा उठा रहा हूं।

## देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले में फंसे नीरव मोदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले में मुख्य आरोपी के रूप में उभरकर सामने आए नीरव मोदी के खिलाफ एफआइआर दर्ज हो गया है। पंजाब नेशनल बैंक ने अपने मुंबई स्थित एक शाखा में 11,346 करोड़ रुपए का घोटाला होने का खुलासा किया है, जिसके बाद से वित्त मंत्रालय और पूरे बैंकिंग क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि यह बैंकिंग घोटाला भगोड़ा घोषित किए गए शराब कारोबारी विजय माल्या के घोटाले से भी बड़ा है। उन पर भारतीय बैंकों का 9,000 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। फिलहाल वह लंदन में हैं। रत्न और आभूषण के प्रसिद्ध कारोबारी नीरव मोदी के खिलाफ पीएनबी ने एक पखवाड़े पहले ही 280 करोड़ रुपए के जालसाजी का आरोप लगाते हुए जांच सीबीआइ को सौंपी थी। पीएनबी ने बुधवार सुबह शेयर बाजार को सूचना देकर अपनी एक शाखा में की गई इस धांधली के बारे में जानकारी दी। यह मामला वर्ष 2010 से चल रहा था। पीएनबी ने बताया कि उसने मुंबई स्थित अपनी एक शाखा में कुछ गड़बड़ी दर्ज की है। कुछ खाताधारकों को लाभ पहुंचाने के लिए लेन देन की गई है। इन लेन देन के आधार पर ग्राहकों को दूसरे बैंकों ने विदेशों में कर्जे दिए हैं। इस लेन देन का आकार 1.77 अरब डॉलर है। इसकी सूचना जांच एजेंसियों को दी गई है, ताकि कानून के तहत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पीएनबी की तरफ से इस सूचना के आने के साथ ही वित्त मंत्रालय और पूरे बैंकिंग क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने पूरे मामले पर रिपोर्ट तलब की है। इस घोटाले की आंच दूसरे बैंकों तक भी जाएगी। देश के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक पंजाब नेशनल बैंक के फर्जी लेनदेन मामले में आरोपी 48 वर्षीय नीरव मोदी दुनिया की डायमंड कैपिटल कहे जाने बेल्जियम के एंटवर्प शहर के मशहूर डायमंड ब्रोकर परिवार से संबंध रखते हैं। ज्वेलरी डिजाइनर 2.3 अरब डॉलर के फायरस्टार डायमंड के संस्थापक हैं। उनके ग्राहकों में दुनिया के जाने-माने लोग शामिल हैं, जिनमें केट विंस्लेट, रोजी हंटिंगटन-व्हाटली, नाओमी वॉट्स, कोको रोशा, लीजा हेडन और एश्वर्या राय जैसे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अभिनेत्रियां शामिल हैं। तीसरी पीढ़ी के इस युवा कारोबारी ने एक दोस्त के कहने पर पहली ज्वेलरी डिजाइन की। दोस्त की खुशी देखकर उन्हें इसी काम को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली।

# आखिर क्यों साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज कुलदीप-चहल के आगे हो रहे फ्लॉप



नई दिल्ली (आरएनएस)। दक्षिण अफ्रीका के महान हरफनमौला जैक कैलिस ने बताया है कि उनके देश के बल्लेबाज भारत के कलाई के स्पिनरों युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव का सामना नहीं कर पा रहे, क्योंकि घरेलू सर्किट पर इस तरह के गेंदबाजों से उनका सामना नहीं होता है। भारत ने 6 मैचों की सीरीज में 4-1 की अजेय बढ़त बना ली है। दौरे पर भारतीय टीम के ब्रह्मास्त्र साबित हुए युजवेंद्र चहल ने 14 और कुलदीप यादव ने 16 विकेट ले लिए हैं। कैलिस ने कहा, 'अच्छे लेग ब्रेक गेंदबाजों को समझने में समय लगता है। हमें स्वीकार करना होगा कि हमारे पास विश्व स्तरीय लेग स्पिनर नहीं हैं। यह हमारे युवाओं के लिए सबक की तरह रहा।' उन्होंने कहा, 'हम भी इस दौर से गुजरे हैं और समय के साथ सीखे हैं।' शेन वॉर्न और अनिल कुंबले जैसे गेंदबाजों को उनके चरम दौर में खेलने वाले कैलिस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25000 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनका मानना है कि लेग स्पिनरों का सामना करने के लिए कोई परफेक्ट तकनीक नहीं है। उन्होंने कहा, 'अनुभव ही कुंजी है। लेग ब्रेक गेंदबाजी को समझने के 2 तरीके हैं। या कलाई से ही गेंद को भांप लें या गेंद के आने का इंतजार करें।' उन्होंने कहा, 'जितना ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे, उतना ही समझ जाएंगे। हर कोई संकट से निकलने का अपना तरीका ढूंढ लेता है।' कैलिस ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका को अब पता चल गया होगा कि एबी डि विलियर्स और फाफ डु प्लेसिस जैसे बल्लेबाजों के चोटिल होने के बाद उनकी बल्लेबाजी में गहराई नहीं है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।'

## हॉकी विश्वकप में शामिल होने भारत आएगी पाकिस्तानी टीम

नई दिल्ली (आरएनएस)। हॉकी फैन्स के लिए एक खुशखबरी है। पाकिस्तानी हॉकी टीम भी भारत में होने वाले हॉकी विश्वकप में शामिल होगी। एक बार फिर दर्शकों को भारत और पाकिस्तान, दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस साल नवंबर-दिसंबर 2018 में हॉकी का विश्वकप भुवनेश्वर (ओडिशा) में खेला जाएगा। इससे पहले 2010 में भारत में हॉकी के विश्वकप का आयोजन हुआ था। उधर, ओडिशा सरकार ने भारतीय हॉकी की पुरुष और महिला, दोनों ही टीमों का स्पॉन्सर बनने की घोषणा कर दी है। हॉकी को प्रमोट करने का यह ओडिशा सरकार का अपनी तरह का पहला कदम है। दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया के एक कार्यक्रम में ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने पांच साल के लिए भारतीय हॉकी टीम का प्रायोजक बनने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में ओडिशा सीएम ने भारतीय हॉकी टीम की नई जर्सी का भी अनावरण किया।

## साउथ अफ्रीका की महिला क्रिकेटर क्लोई ट्रायोन ने जो किया वह पुरुष नहीं कर पाया



नई दिल्ली (आरएनएस)। एक तरफ कोहली के नेतृत्व में टीम इंडिया के लड़के धमाल मचाए हुए हैं तो मिताली के नेतृत्व में लड़कियों ने भी अफ्रीकियों की नाक में दम कर रखा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को वनडे सीरीज में हराने के बाद टी20 सीरीज के पहले मैच में भी शिकस्त दी है। हालांकि इन सबके बीच साउथ अफ्रीका की खिलाड़ी क्लोई ट्रायोन ने जो कारनामा किया है, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आजतक कोई पुरुष या महिला खिलाड़ी वैसा नहीं कर पाए हैं। जब बात आंकड़ों की आएगी तो मंगलवार को भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच में क्लोई ने जो किया उसे हमेशा याद रखा जाएगा। आप क्रिकेट के जितने भी सर्वकालिक महान खिलाड़ियों को जानते हों, जैसे ब्रेडमैन, सचिन, लारा, पोन्टिंग या आज विराट, डिविलियर्स, चाहे जो हो, क्लोई ने बैटिंग के इस मामले में सबको पीछे छोड़ दिया है। हालांकि इसके बावजूद क्लोई की टीम को जीत नहीं मिली इसका उन्हें अफसोस जरूर होगा। अब क्लोई के इस कारनामे से भी आपको परिचित करा ही देते हैं। दरअसल क्लोई ने इस मैच में मात्र 7 गेंदों पर 32 रनों की पारी खेली। 6 मिनट की अपनी इस पारी में क्लोई 4 छक्के और 2 चौके मारे। क्लोई एक गेंद पर रन नहीं बना सकीं। इस मैच में क्लोई का स्ट्राइक रेट 457.14 रहा। किसी भी फॉर्मेट के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो स्ट्राइक रेट सर्वोच्च है। स्टैटिस्टिशन मोहनदास मेनन के मुताबिक 14 फरवरी 2018 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 4064 पुरुष खिलाड़ी खेल चुके हैं। अबतक किसी भी पुरुष खिलाड़ी ने इस स्ट्राइक रेट से रन नहीं बनाए हैं। वेस्ट इंडीज के स्मिथ ने 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच में 9 गेंदों पर 29 रन बनाए थे और उनका स्ट्राइक रेट 414.28 रहा था। हालांकि क्लोई इससे कहीं आगे निकल गईं।

## खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में भी राहत

नई दिल्ली, (आरएनएस)। जनवरी महीने में खुदरा महंगाई दर के बाद अब थोक महंगाई दर के मोर्चे पर भी राहत मिली है। जनवरी में थोक महंगाई दर 2.84 फीसद के स्तर पर रही है जो कि दिसंबर में 3.58 फीसद रही थी। जनवरी में प्राइमरी आर्टिकल्स महंगाई दर 2.37 फीसद रही है जो कि दिसंबर में 3.86 फीसद रहीथी। वहीं फ्लूय और पावर इंफ्लेशन की बात करें तो यह दिसंबर के 9.16 फीसद से घटकर 4.08 फीसद के स्तर पर आ गई है। इस दौरान मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट इंफ्लेशन में तेजी दर्ज की गई है। यह दिसंबर के 2.61 फीसद से बढ़कर जनवरी में 2.78 फीसद हो गई है। फूड आर्टिकल्स की बात करें तो जनवरी में यह 3 फीसद रही है। दिसंबर में यह 4.72 फीसद के स्तर पर रही थी। साथ ही इसके खाद्य महंगाई दर में भी जनवरी महीने में कमजोरी दर्ज की गई है। यह जनवरी में 1.65 फीसद रही है जो कि दिसंबर में 2.91 फीसद के स्तर पर थी। महीने दर महीने के आधार पर बात करें तो जनवरी में कोर महंगाई दर 3.1 फीसद से बढ़कर 3.5 फीसद रही है।

## जब विराट ने शम्सी को उकसाया और पंड्या ने एक हाथ से पकड़ लिया कैच



पोर्ट (आरएनएस)। भारत ने पांचवें वनडे में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर ऐतिहासिक सीरीज जीत हासिल की है। इस सीरीज में कैप्टन विराट का बल्ला ही नहीं मुंह भी खूब चला है। स्टंप में लगे माइक्रोफोन की वजह से विराट और धोनी की कॉमेंट्स लोगों को पता चलते रहे हैं। पोर्ट एलिजाबेथ में खेले गए पांचवें वनडे में भी एक ऐसा वाकया आया जिसमें विराट को स्लेजिंग करते हुए सुना गया। दरअसल विराट तो एक तरह से हिसाब चुकता कर रहे थे। इस बार विराट के निशाने पर दक्षिण अफ्रीकी टीम के गेंदबाज तबरेज शम्सी थे। शम्सी ने भारत की बैटिंग के दौरान विराट पर छींटाकशी की थी। विराट पांचवें वनडे में 36 रन बनाकर रन आउट हो गए थे। बैटिंग के दौरान विराट और शम्सी के बीच एक बार माहौल गर्म होते-होते बचा।उस समय तो विराट ने ज्यादा कुछ नहीं कहा, लेकिन साउथ अफ्रीका की बैटिंग के समय उन्होंने शम्सी से अपना बदला चुका लिया। 42वें ओवर में साउथ अफ्रीका 197 रनों पर 8 विकेट गंवाकर भारत के खिलाफ संघर्ष कर रहा था। शम्सी खेल रहे थे और गेंदबाजी कुलदीप यादव कर रहे थे। बस यहीं विराट को मौका मिला और उन्होंने शम्सी का मजाक उड़ा दिया। विराट ने कहा कि चेस्ट पैड? शैमो (शम्सी) क्या तुलने चेस्ट पैड लगा रखा है? अब विराट की स्लेजिंग का असर था या क्या हुआ, शम्सी अगली गेंद पर ही अपना धैर्य खो बैठे। कुलदीप की गेंद को उठाकर मारने के चक्कर में शम्सी का शॉट मिसटाइम हुआ और पंड्या ने एक हाथ से शम्सी का कैच पकड़ लिया।

## सेंसेक्स 221 अंक चढ़कर 34377 के स्तर पर

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। करीब 11.15 बजे प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 221 अंक चढ़कर 34377 के स्तर पर और निफ्टी 67 अंक की बढ़त के साथ 10568 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर मिडकैप इंडेक्स में 0.06 फीसद की बढ़त और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.36 फीसद की कमजोरी देखने को मिल रही है। इस दौरान सबसे ज्यादा खरीदारी मेटल शेयर्स में देखी जा रही है। वहीं निफ्टी में शुमार शेयर्स में से सबसे ज्यादा तेजी वेदांता लिमिटेड, हिंडाल्को, इंफोसिस, आइसीआइसीआइ बैंक और एचडीएफसी के शेयर्स में है। उम्मीद के मुताबिक भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। शुरुआती मिनटों में ही सेंसेक्स ने 140 अंकों के ज्यादा की बढ़त बना ली, वहीं निफ्टी 40 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 10545 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में भले तेजी दिख रही हो लेकिन चुनिंदा सरकारी बैंकिंग और ज्वैलरी शेयरों में दबाव देखने को मिल रहा है। सेक्टोरियल इंडेक्स की बात करें तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सभी इंडेक्स बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। सबसे ज्यादा तेजी आज मेटल इंडेक्स में देखने को मिल रही है। निफ्टी मेटल इंडेक्स में 1.11 फीसद की बढ़त देखने को मिल रही है। वहीं फार्मा और रियल्टी इंडेक्स में आधा फीसद से ज्यादा की बढ़त देखने को मिल रहा है।इसके अलावा निफ्टी बैंक 0.34 फीसद, निफ्टी ऑटो 0.29 फीसद और निफ्टी आइटी इंडेक्स 0.31 फीसद की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।

## दिल्ली सरकार के जॉब फेयर का आयोजन,

नई दिल्ली , (आरएनएस)। दिल्ली सरकार दो दिन के जॉब फेयर का आयोजन कर रही है। दिल्ली सरकार का यह जॉब फेयर 15 से 16 जनवरी त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मंत्री गोपाल राय ने यह जानकारी दी है। इस साल बताया जा रहा है कि जॉब फेयर में 100 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। जो स्टूडेंट्स इस जॉब फेयर में हिस्सा लेना चाहते हैं वो सरकारी जॉब पोर्टल में एनरोल करके इसमें शामिल हो सकते हैं। कंपनियां एजुकेशनल क्वालीफिकेशन के मुताबिक उम्मीदवारों का चयन करेंगी। आपको बता दें कि इससे पहले पिछले साल नवंबर में भी इसी तरह का जॉब फेयर आयोजित किया गया था। जिसमें 74 कंपनियों ने भाग लिया था और 11,500 पदों पर भर्तियां की गई थी। यह केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में आयोजित तीसरा जॉब फेयर है। सबसे पहला जॉब पेयर दिसंबर 2015 में आयोजित किया गया था।

## घरेलू बाजार में विदेशी गेहूं की आपूर्ति रोकेगी सरकार

नई दिल्ली, (आरएनएस)। गेहूं की कटाई शुरू होने के पहले सरकार घरेलू बाजार में विदेशी गेहूं के आने का रास्ता रोकेगी। इसके लिए आयात शुल्क बढ़कर दोगुना तक हो सकता है। वैश्विक बाजार का सस्ता गेहूं घरेलू थोक उपभोक्ताओं को ज्यादा आकर्षित करता है, जिसे रोकने की पूरी कोशिश होगी। गेहूं का बुवाई रकबा घटने से पैदावार में कमी आने का अनुमान है, जिससे घरेलू बाजार में कीमतें बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश जैसे राज्य ने गेहूं खरीद के लिए समर्थन मूल्य पर दो सौ रुपये बोनस देने का एलान किया है। गेहूं आयात की संभावना को देखते हुए सरकार सीमा शुल्क को बढ़ाकर दोगुना करने पर विचार कर रही है। राज्यों के खाद्य सचिवों की 15 फरवरी को दिल्ली में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें गेहूं की खरीद, भंडारण के साथ वैश्विक बाजार की स्थितियां और आयात की संभावना पर विचार किया जाएगा। बैठक में कृषि, खाद्य, उपभोक्ता मामले और वाणिज्य मंत्रालय के आला अफसर हिस्सा लेंगे। इसमें गेहूं आयात से घरेलू बाजार में पैदा होने वाली कठिनाइयों और किसानों की हालत पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## 4 जी के साथ ब्रॉडबैंड सर्विस भी ऑफर कर सकती है वोडाफोन

कोलकाता ,(आरएनएस)। ब्रिटेन की वोडाफोन जल्द ही भारत में रिलायंस जियो इंफोकॉम को टक्कर देने के लिए मोबाइल सर्विस के साथ फास्ट ब्रॉडबैंड की सर्विस भी शुरू कर सकती है। वोडाफोन यू ब्रॉडबैंड के फिक्स्ड ब्रॉडबैंड रिसोर्सेज का फायदा उठाते हुए 3 जी/4 जी मोबाइल सर्विस के साथ वायर्ड होम ब्रॉडबैंड पैक की बंडलिंग कर सकती है। यू ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (आईएसपी) है, जिसे वोडाफोन ने एक साल पहले खरीदा था। एक सूत्र ने बताया, वोडाफोन का यह बिजनेस मॉडल ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, स्पेन, पुर्तगाल और नीदरलैंड में लोकप्रिय है। इसमें फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सर्विस की बंडल्ड सर्विस ऑफर की जाती है। कंपनी जल्द ही भारत में भी ऐसी सर्विस शुरू कर सकती है। वोडाफोन इंडिया ने टीआरजी कैपिटल से यू ब्रॉडबैंड को 400 करोड़ रुपये में खरीदा था। वोडाफोन मोबाइल सर्विस के साथ 100 एमबीपीएस की हाई स्पीड फिक्स्ड ब्रॉडबैंड की योजना ऐसे समय लाने जा रही है, जब रिलायंस जियो ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु और हैदराबाद में अल्ट्रा फास्ट फाइबर टु द होम (एफटीटीएच) सर्विस का ट्रायल शुरू कर दिया है। जियो जल्द इसका कमर्शियल लॉन्च कर सकती है। वह जिन राज्यों में सर्विस का ट्रायल रन कर रही है, वहां ब्रॉडबैंड डेटा कंजम्पशन काफी अधिक है। पिछले साल अक्टूबर में मुकेश अंबानी ने कहा था कि ऑप्टिकल फाइबर और फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड जियो के लिए अगला फायदेमंद सेगमेंट हो सकता है। वोडाफोन इंडिया के स्पोक्सपर्सन ने कहा, यू ब्रॉडबैंड के साथ हम देश में घर बैठे लोगों को हाई स्पीड कनेक्टिविटी देने में सक्षम हैं। यह हमारे स्मार्ट मोबाइल नेटवर्क के साथ अच्छा कॉम्बिनेशन हो सकता है। यू ब्रॉडबैंड के पास 3,000 किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर के साथ 17,000 किलोमीटर की लाइट माइल कोएक्सिल केबल है, जो 18 मार्केट को कवर करती है। इनमें मुंबई, गुड़गांव, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, नागपुर, पुणे और कोयंबटूर जैसे मार्केट शामिल हैं। वोडाफोन की योजना इन मार्केट में कंबाइंड ब्रॉडबैंड और 3 जी/4 जी सर्विस लॉन्च करने की है। इससे उसे अपनी पोजिशन मजबूत करने में मदद मिलेगी। सितंबर 2016 में टेलीकॉम सेक्टर में जियो की एंट्री के बाद से पुरानी टेलीकॉम कंपनियों के लिए हालात काफी मुश्किल हो गए हैं और उनके रेवेन्यू व मुनाफे में भारी कमी आई है। हालांकि, कंपनी से जब पूछा गया कि वह किस ब्रांड के तहत फिक्स्ड ब्रॉडबैंड सर्विस लाएगी, तो वोडाफोन इंडिया ने कोई टिप्पणी नहीं की। वोडाफोन इंडिया और आइडिया सेल्युलर दोनों बिजनेस मर्ज करने की प्रक्रिया में हैं। इसके मिलने के बाद देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी बनेगी।

## पीएनबी और गीतांजलि के शेयर्स लगातार तीसरे दिन लुढ़के

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। 11,356 करोड़ रुपए का फ्रॉड सामने आने के बाद पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। पिछले तीन दिन में बैंक के शेयर्स में 23.60 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इससे निवेशकों का करीब 9246.19 करोड़ रुपए डूब गए। शुक्रवार को भी बैंक के शेयर करीब 3 प्रतिशत लुढ़क गए। इस घोटाले में गीतांजलि जेम्स का नाम सामने आने के बाद इसके स्टॉक में भी गिरावट देखने को मिली है। अब तक इस कंपनी के निवेशकों के 300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। पीएनबी के शेयर्स तीन दिनों में 23.60 प्रतिशत तक टूट गए। इससे निवेशकों को करीब 9246.19 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। 12 फरवरी को पीएनबी का मार्केट कैप 39178.17 करोड़ रुपए था। गीतांजलि जेम्स लिमिटेड का स्टॉक तीन दिनों में 40 प्रतिशत से ज्यादा टूटा है। स्टॉक्स में गिरावट से तीन दिनों में निवेशकों के 300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। 12 फरवरी को कंपनी का मार्केट कैप 745.49 करोड़ रुपए था। इस कंपनी के मालिक मेहुल चौकसी का भी नाम फ्रॉड केस में आ रहा है। फिलहाल वे देश से बाहर हैं।